खण्ड A

SECTION A

Q1. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में लघु टिप्पणियाँ लिखिए :
Write short notes on the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अंकरूपण
Digitisation of rural economy *10*

(b) राज्य समाजों की उत्पत्ति
Origin of State Societies *10*

(c) सीरो-मालाबार ईसाई
Syro-Malabar Christians *10*

(d) झारखण्ड की कारीगर जनजातियाँ
Artisan tribes of Jharkhand *10*

(e) जनजातीय बच्चों में वृद्धिरोध एवं वेस्टिंग के कारण
Causes of stunting and wasting among tribal children *10*

Q2. (a) विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के लिए सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए । समीक्षा कीजिए कि पीवीटीजी को त्रुटिवश आदिम जनजातीय समूह (पीटीजी) क्यों कहा जाता था ।
Critically discuss the recent welfare measures initiated by the Government for the Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs). Comment why PVTGs were erroneously called Primitive Tribal Groups (PTGs). *20*

(b) पेसा अधिनियम कैसे स्थानीय स्वशासन को सशक्त बना रहा है और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को प्रभावित कर रहा है ?
How is PESA Act empowering local self-governance and impacting women's political participation ? *15*

(c) स्वायत्तता बनाए रखने हेतु भारतीय मानवशास्त्रियों द्वारा निभाई गई आलोचनात्मक भूमिका के परिप्रेक्ष्य में भारतीय मानवशास्त्र के औपनिवेशिक इतिहास का विखंडन कीजिए ।
Deconstruct the colonial history of Indian Anthropology highlighting the critical role played by the Indian Anthropologists in sustaining its autonomy. *15*

Q3. (a) राखी गढ़ी से प्राप्त साक्ष्यों और हड़प्पा सभ्यता से इसके संबंधों का समालोचनात्मक विवरण दीजिए ।
Critically describe evidences from Rakhi Garhi and its linkages to Harappan civilization. *20*

(b) ग्रामीण भारत में सामाजिक परिवर्तन पर एम.एन. श्रीनिवास और एल.पी. विद्यार्थी के दृष्टिकोणों की तुलना और अंतर प्रस्तुत कीजिए ।
Compare and contrast the approaches of M.N. Srinivas and L.P. Vidyarthi to social change in village India. *15*

(c) भारत में जनजातीय समुदायों की भूमि हस्तांतरण और अधिकारों के वंचन पर 1878 से 2006 तक की वन नीतियों के प्रभाव का परीक्षण कीजिए ।
Examine the impact of Forest Policies from 1878 to 2006 on land alienation and deprivation of rights of tribal communities in India. *15*

Q4. (a) एआई और आनुवंशिक अनुसंधान में वर्तमान की प्रगति के कारण जैविक और सामाजिक-सांस्कृतिक मानवशास्त्र की नैतिक चिंताएँ क्या हैं ?
What are the ethical concerns in biological and socio-cultural anthropology because of recent advances in AI and genetic research ? *20*

(b) जनजातीय सक्रियतावादी और स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के जीवन इतिहास पर एक निबंध लिखिए । जनजातीय समाज पर उनके बलिदान का क्या प्रभाव पड़ा ?
Write an essay on the life history of tribal activist and freedom fighter Birsa Munda. What was the impact of his sacrifice on tribal society ? *15*

(c) अगले 50 वर्षों में भारत की बदलती जनसंख्या गतिशीलता की जनसांख्यिकीय चुनौतियाँ क्या हैं ?
What are the demographic challenges of India's changing population dynamics in the next 50 years ? *15*

खण्ड B

SECTION B

Q5. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में लघु टिप्पणियाँ लिखिए :

Write short notes on the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) बी.के. रॉय बर्मन की 'बफर ज़ोन' की अवधारणा
B.K. Roy Burman's concept of 'Buffer Zone' *10*

(b) स्वदेशी और जनजातीय लोगों पर आईएलओ के सम्मेलन संख्या 169 (1989) का वर्णन कीजिए । क्या भारत इस पर हस्ताक्षरकर्ता है ?
Describe ILO's Convention No. 169 (1989) on Indigenous and Tribal people. Is India a signatory to it ? *10*

(c) आपातानी की कृषि पद्धतियाँ
Agricultural practices of the Apatani *10*

(d) छठी अनुसूची क्षेत्रों की प्रस्थिति
Status of Sixth Schedule Areas *10*

(e) पिछड़े वर्गों के लिए संवैधानिक सुरक्षा के उपाय
Constitutional Safeguards for Backward Classes *10*

Q6. (a) प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षक आदिवासी हैं, लेकिन वे सबसे अधिक वंचित हैं । समालोचनात्मक व्याख्या कीजिए कि जलवायु परिवर्तन भविष्य में उनकी उत्तरजीविता को कैसे प्रभावित करेगा ।
Custodians of natural resources are the tribals, but they are the most deprived. Critically examine how climate change will impact their survival in future. *20*

(b) मानवशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से धर्मनिरपेक्षता, धार्मिकता, धार्मिक कट्टरवाद और आध्यात्मिकतावाद के बीच अंतर को स्पष्ट कीजिए ।
Elucidate the difference between secularism, religiosity, religious fundamentalism and spiritualism from an anthropological perspective. *15*

(c) लोधा जनजाति को अपराधमुक्त स्थिति में लाने के लिए पी.के. भौमिक के योगदान की विवेचना कीजिए ।
Discuss the contribution of P.K. Bhowmick in decriminalising the status of the Lodha tribe. *15*

Q7. (a) कोविड-19 महामारी से निष्कर्ष निकालते हुए समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों के लिए समग्र स्वास्थ्य के मौजूदा प्रतिमानों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।
Critically examine existing paradigms of holistic health for the marginalised sections of society drawing inferences from COVID-19 pandemic. *20*

(b) भारत में जाति व्यवस्था की उत्पत्ति के सिद्धांतों और इसकी आलोचना की विवेचना कीजिए । जाति, वर्ग तथा नस्ल में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।
Discuss the theories on origin of caste system and its criticism in India. Differentiate between caste, class and race. *15*

(c) मानवशास्त्रीय दृष्टिकोण से नृजातीय-राष्ट्रवाद के पुनरुत्थान पर प्रकाश डालिए ।
Elucidate the resurgence of ethno-nationalism from an anthropological lens. *15*

Q8. (a) उपयुक्त उदाहरणों के साथ दक्षिण भारत के महत्त्वपूर्ण पुरापाषाणकालीन स्थलों का वर्णन कीजिए । दक्षिण भारतीय पुरापाषाण संस्कृतियों का क्या महत्त्व है ?
Describe the important Paleolithic sites from South India with suitable examples. What is the significance of South Indian Paleolithic cultures ? *20*

(b) 'धर्मतंत्रीय राज्य' का धर्मनिरपेक्ष, उदारवादी, लोकतांत्रिक राज्य से अंतर स्पष्ट कीजिए । अपने उत्तर को जनजातीय और समसामयिक समाजों से उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।
Distinguish a 'Theocratic State' from a secular, liberal, democratic state. Illustrate your answer with examples from tribal and contemporary societies. *15*

(c) खनन के विशेष संदर्भ में जनजातीय समुदायों पर पड़े आर्थिक, सामाजिक और विकासात्मक प्रभावों की विवेचना कीजिए ।
Discuss the economic, social and developmental impacts on tribal communities with special reference to mining. *15*